6073(E)
1/09/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक ...................... को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बक्सर के अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-36A/OPRMC-III for the year 2026-33 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–14.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2702 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2865(अनु०) दिनांक–22.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–22.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-36A/OPRMC-III for the year 2026-33 |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बक्सर |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹11328.3342 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹12538.73 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1692 दिनांक–23.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशे | : | ₹10712.89604 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Suraj Builder India Pvt. Ltd.
(2) DB Infratech
(3) Hemant Kumar Singh
(4) Kawaljeet Singh Contractor
(5) Narsingh Singh
(6) Prabhway Geo Infra
(7) RSCPL - SIPIL (JV)

4. उपरोक्त कार्य की निविदा में कुल 07 (सात) निविदाकारों यथा–(i) Suraj Builder India Pvt. Ltd. (ii) DB Infratech (iii) Hemant Kumar Singh (iv) Kawaljeet Singh Contractor (v) Narsingh Singh (vi) Prabhway Geo Infra एवं (vii) RSCPL - SIPIL (JV) द्वारा भाग लिया गया है।

दिनांक–14.08.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 07 (सात) निविदाकारों में 05 (पाँच) निविदाकार (i) Suraj Builder India Pvt. Ltd. को MBD Section 3 Clause 2.4.2 (b) के तहत् (ii) DB Infratech को MBD ITB Clause 17, Section 4 (B) एवं Section 3 Clause 2.6 के तहत् (iii) Kawaljeet Singh Contractor को MBD Section 3 Clause 1.2.1 (b) एवं Clause 2.2.2 के तहत् (iv) Narsingh Singh को ITB Clause 17 Section 4 (B) के तहत् एवं (v) RSCPL - SIPIL (JV) को NIT की कंडिका–29 एवं MBD Section 4, ELI-1, ELI-2 के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 02 (दो) निविदाकार यथा (i) Hemant Kumar Singh एवं (ii) Prabhway Geo Infra को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2702 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–14.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) DB Infratech का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 (2) Kawaljeet Singh Contractor का पत्रांक–KJSC/26-27/Office/17 दिनांक–15.08.2026 (3) Narsingh Singh का Ref. No.- 42 दिनांक–17.08.2026 एवं (4) RSCPL - SIPIL (JV) का Ref. No.- शून्य, दिनांक–17.08.2026 तथा Ref. No.- शून्य, दिनांक–18.08.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2865(अनु०) दिनांक–22.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–22.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार (i) DB Infratech का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 (ii) Kawaljeet Singh Contractor का पत्रांक–KJSC/26-27/Office/17 दिनांक–15.08.2026 (iii) Narsingh Singh का Ref. No.- 42 दिनांक–17.08.2026 एवं (iv) RSCPL - SIPIL (JV) का Ref. No.- शून्य, दिनांक–17.08.2026 तथा Ref. No.- शून्य, दिनांक–18.08.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | D.B. Infratech | सविनय निवेदन है कि हमारी फर्म, मेसर्स डी. बी. इंफ्राटेक (M/S DB Infratech) द्वारा उपर्युक्त निविदा में विधिवत भाग लिया गया था। उपर्युक्त संदर्भित कार्यवाही के अवलोकन से ज्ञात होता है कि हमारी निविदा को निम्नलिखित दो आधारों पर तकनीकी रूप से Non-Responsive घोषित किया गया है–<br>(i) बीड सिक्योरिटी हेतु प्रस्तुत बैंक गारंटी को "Conditional" मानते हुए; तथा<br>(ii) Hot Mix Plant के "Lease" पर होने के आधार पर।<br>अत्यंत आदरपूर्वक निवेदन है कि उपर्युक्त दोनों निष्कर्ष तथ्यों के प्रतिकूल है। अतः उक्त | निविदाकार द्वारा uploaded Bank Guarantee में "Any disputes or claims arising out of this Bank Guarantee, are necessarily required to be enforced before the competent court of law within one (1) year from the date of demand, provided that such demand is received | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | कार्यवाही की कंडिका 4.3 में प्रदत्त दो दिनों की समय–सीमा के अंतर्गत, वित्तीय बीड खोले जाने के पूर्व, हम अपना परिवाद निम्नवत् अभिलेख पर लाना चाहते हैं।<br><br>आधार 1– प्रस्तुत बैंक गारंटी पूर्णतः Unconditional (अप्रतिबंधित) है।<br><br>1. बीड सिक्योरिटी के रूप में हमारे द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी संख्या OGT0165260006186, निर्गत तिथि 18. 06.2026, इंडसइंड बैंक लिमिटेड (Indusland Bank Ltd) द्वारा निर्गत, राशि ₹1,17,13,000/-(रुपये एक करोड़ सतरह लाख तेरह हजार मात्र), लाभुक– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर–अपने मूल स्वरूप में एक पूर्णतः अप्रतिबंधित (Unconditional) गारंटी है।<br><br>2. उक्त बैंक गारंटी के मुख्य पृष्ठ पर ही स्पष्ट रूप से "BID SECURITY (BANK GUARANTEE UNDCONDITIONAL)" अंकित है। इसके खंड (4) में बैंक द्वारा वचन दिया गया है कि लाभुक की प्रथम लिखित माँग (first written demand) पर, बिना किसी प्रमाणीकरण (without substantiation) के, गारंटी राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। यह गारंटी ICC Uniform Rules for Demand Guarantee (URDG 758) के अधीन शासित है, जो कि on-demand/ अप्रतिबंधित गारंटियों का अंतर्राष्ट्रीय मानक है। अतः यह प्रत्येक दृष्टि से एक अप्रतिबंधित प्रथम–माँग गारंटी है।<br><br>3. गारंटी में "THE CONDITIONS of this obligation are" शीर्षक के अंतर्गत जो शर्तें उल्लिखित हैं, वे मात्र निविदा–जब्ती की मानक शर्तें हैं (यथा–बीड की वैधता अवधि में निविदा वापस लेने, स्वीकृति के पश्चात अनुबंध निष्पादित न करना, निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत न करना, मूल्य–सुधार स्वीकार न करना, अथवा कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करना)। ये शर्तें MBD में विहित Bid Security Form के मानक प्रावधानों के | by the Bank before the claim expiry date specified in Clause C above.<br><br>THIS BANK GUARANTEE IS SUBJECT TO THE ICC UNIFORM RULES FOR DEMAND GUARANTEES (ICC PUBLICATION NO. 758) AND SHALL BE GOVERNED BY AND CONSTRUED IN ALL RESPECTS, IN ACCORDANCE WITH THE LAWS OF INDIA". अंकित है जो MBD Section-4B में अंकित bid security format के अनुरूप नहीं है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुरूप हैं तथा प्रत्येक निविदाकार की बैंक गारंटी में उपस्थित रहती हैं। ये केवल गारंटी को invoke करने के आधार को परिभाषित करती हैं– इनसे गारंटी "Condiitional" नहीं हो जाती है। अतः इन्हीं शर्तों को आधार बनाकर गारंटी को Conditional मान लेना तथ्यतः एवं विधितः त्रुटिपूर्ण है।<br><br>4. उल्लेखनीय है कि उक्त बैंक गारंटी की वैधता, संशोधन (Amendment AMD001) दिनांक–22.06.2026 द्वारा 19.01. 2027 तक विस्तारित की जा चुकी है, जो निविदा की निर्धारित बीड वैधता अवधि को पूर्णतः आच्छादित करती है।<br><br>5. इस तथ्य को निःसंदेह रूप से स्थापित करने हेतु, हम वही बैंक गारंटी जो निविदा के साथ पूर्व में अपलोड की गई थी, उसकी प्रति (संशोधन सहित) पुनः इस परिवाद के साथ संलग्न कर रहे हैं। यदि गारंटी के स्वरूप अथवा वास्तविकता के संबंध में किसी प्रकार का संदेह हो, तो निर्गतकर्ता बैंक (इंडसइंड बैंक) से इसकी पुष्टि सीधे प्राप्त की जा सकती है, जिसका सत्यापन–पता स्वयं बैंक द्वारा गारंटी में अंकित है। उक्त पुष्टि इसकी अप्रतिबंधित प्रकृति को पूर्णतः स्पष्ट कर देगी।<br><br>आधार 2–Hot Mix Plant संबंधी दस्तावेज पूर्व में ही निविदा के साथ संलग्न किए गए थे।<br><br>6. Hot Mix Plant के "Lease पर होने" के आधार पर हमारी निविदा को Non-Responsive घोषित किया जाना सादर आपत्तिजनक है। हमारे द्वारा Hot Mix Plant के स्वामित्व/उपलब्धता (ownership/availability) से संबंधित समस्त आवश्यक कागजात/दस्तावेज निविदा के साथ विधिवत संलग्न कर प्रस्तुत किए गए थे। अतः इस संबंध में आवश्यक प्रमाण हमारे निविदा–दस्तावेज में पहले से ही उपलब्ध है, तथा निविदा की निर्धारित शर्तों की पूर्ति होती है।<br><br>7. अतः विनम्र अनुरोध है कि हमारे द्वारा निविदा के साथ प्रस्तुत Hot Mix | MBD के Section-3 Clause 2.6 में स्पष्ट उल्लेखित है कि HMP स्वंय का होना चाहिए जबकि निविदाकार का HMP lease पर है। अतः परिवाद अमान्य | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Plantसंबंधी दस्तावेजों का पुनः अवलोकन एवं सत्यापन करने की कृपा की जाए। सुविध हेतु उक्त दस्तावेजों की प्रति भी इस परिवाद के साथ पुनः संलग्न की जा रही है।<br><br>**प्रार्थना**<br><br>उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में, श्रीमान से सादर प्रार्थना है कि –<br><br>(क)संलग्न बैंक गारंटी एवं Hot Mix Plantसंबंधी दस्तावेजों का पुनः अवलोकन/सत्यापन किया जाए;<br><br>(ख) उपर्युक्त दोनों आधारों पर लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए हमारी निविदा को तकनीकी रूप से Responsive/अर्ह घोषित किया जाए; तथा<br><br>(ग) कार्यवाही की कंडिका 4.3 के अनुरूप, इस परिवाद के निष्पादन/निष्पत्ति तक वित्तीय बीड न खोली जाए।<br><br>आवश्यकता होने पर हम किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण अथवा मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु तत्पर हैं। | किया जाता है। | |
| 2. | Kawaljeet Singh Contractor | उपरोक्त विषय एवं संदर्भ के संबंध में सविनय निवेदन है कि हमारी फर्म Kawaljeet Singh Contractor को उक्त निविदा में Technical Bid Evaluation Report के Point No- 4.2 में MBD Section–3, Clause 1.2.1(b) एवं Clause 2.2.2 के आधार पर Non-Responsive घोषित किया गया है।<br><br>इस संबंध में निवेदन है कि Main Contract OPRMC–II, Package No-36A के अंतर्गत स्वीकृत सभी Unforeseen Works हमारी फर्म द्वारा पूर्ण रूप से निष्पादित किए जा चुके हैं। कार्य अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर Iran क्षेत्र से संबंधित परिस्थितियों के कारण Bitumen की उपलब्धता प्रभावित होने से कार्य में कुछ विलंब हुआ था, जिसके संबंध में सरकार/विभाग द्वारा आवश्यक Circular/ निर्देश भी जारी किए गए थे।<br><br>उक्त कार्यों के निरीक्षण हेतु विभाग द्वारा | निविदाकार द्वारा पथ प्रमंडल, बक्सर अन्तर्गत OPRMC-II Package No.-36A का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के तहत् बक्सर प्रमंडल के तीन पथों यथा–<br>(1) धनसोई–दिनारा<br>(2) दिनारा–जलहारा एवं<br>(3) परसथुआ बाजार से महावीर स्थान पथ का कार्य Unforseen के तहत् उपभागीय कार्यालय का पत्रांक–324 दिनांक–28.01.2026 द्वारा स्वीकृति दिया गया तथा कार्यपालक | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक 09.06.2026 को निरीक्षण आदेश जारी किया गया था। तत्पश्चात दिनांक 12.06.2026 से 14.06.2026 के मध्य विभागीय अधिकारियों द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान आवश्यक compliance/ सुधार कार्यों से संबंधित Task/ Query विभाग द्वारा "RCD & Road Maintenance" Portal पर assign किए गए थे। उक्त सभी Task/ Query का हमारी फर्म द्वारा आवश्यकतानुसार निराकरण कर दिया गया, जिन्हें विभाग द्वारा भी Close कर दिया गया है। वर्तमान दिनांक में उक्त Portal पर संबंधित सड़क के संबंध में maintenance अथवा pending work से संबंधित कोई भी Task/ Query/ Complaint pending अथवा live नहीं है। अतः Main Contract & OPRMC-II, Package No-36A के अंतर्गत स्वीकृत सभी Unforeseen Works हमारी फर्म द्वारा पूर्ण किए जा चुके हैं।<br><br>यह भी निवेदन है कि उक्त Unforeseen Works इसी Main Contract के अंतर्गत स्वीकृत एवं निष्पादित हुए हैं। कार्य भौतिक रूप से पूर्ण हो चुका है, तथापि आज दिनांक तक उक्त Contract का Final Inspection, Completion Record एवं Final Bill विभागीय स्तर पर अंतिम रूप से निस्तारित नहीं हुआ है।<br><br>अतः सविनय अनुरोध है कि उपरोक्त वास्तविक एवं तथ्यात्मक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उक्त Contract को "Non-performing Contract" मानकर हमारी फर्म को Non-Responsive घोषित किए जाने के निर्णय पर कृपया पुनर्विचार करने की कृपा करें तथा हमारी Technical Bid को Technically Responsive मानकर Financial Bidकी प्रक्रिया में सम्मिलित करने की कृपा करें।<br><br>साथ ही, Technical Bid Evaluation Report में यह उल्लेखित है कि 'तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही विभागीय Website पर प्रदर्शित करने के साथ– साथ उक्त निविदा के निविदाकारों को e-mail के माध्यम से भी सूचित किया जाना है। इस संबंध में खेद का विषय है कि हमारी फर्म को | अभियंता द्वारा पत्रांक–419 दिनांक–02.03.2026, पत्रांक–425 दिनांक–02.03.2026, पत्रांक–426 दिनांक–02.03.2026 द्वारा कार्यादेश दिया गया, उक्त तीनों कार्य पूर्ण करने की तिथि 30.03.2026 निर्धारित थी, कार्यपालक अभियंता द्वारा निविदाकार के परिवाद पर दिनांक–21.08.2026 को प्रतिवेदित किया गया है कि OPRMC-Phase-II Package 36A की एकरारनामा दिनांक–30.05.2026 को समाप्त हो गई है। इस पैकेज के शेष बचे Unforseen कार्य यथा दिनारा जलहरा पथ, परस्थुआ बाजार–महावीर स्थान को OPRMC-Phase-III Package 36B में सम्मिलित कर लिया गया है। निविदाकार द्वारा भी अपने परिवाद में कार्य अवधि के दौरान अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर Iran क्षेत्र से संबंधित परिस्थितियों के कारण Bitumen की उपलब्धता प्रभावित होने से कार्य में कुछ विलंब हुआ था, | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | विभाग की ओर से उक्त कार्यवाही/निर्णय के संबंध में कोई e-mail प्राप्त नहीं हुआ है। अतः इस तथ्य को भी कृपया संज्ञान में लेते हुए प्रकरण पर पुनर्विचार करने की कृपा की जाए।<br><br>अतः आपसे पुनः विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए हमारी फर्म के Technical Bid पर पुनर्विचार कर न्यायोचित निर्णय प्रदान करने की कृपा करें। | जिसके संबंध में सरकार/विभाग द्वारा आवश्यक Circular/निर्देश भी जारी किए गए थे।<br><br>कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर के अनुरोध पर परिवाद मान्य करने योग्य है, परंतु उनके द्वारा uploaded शपथ पत्र NIT की कंडिका 28 के अनुरूप नहीं है। | Kawaljeet Singh Contractor द्वारा NIT एवं MBD के Section 3, Clause 1.2.1 के आलोक में शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है। |
| 3. | Narsingh Singh | Ground for rejecting the Technical Bid of the Bidders is not correct as the same has been rejected treating that the BG was not Corrected as the SFMS was not uploaded with the BG which has been clearified that the SFMS is sent to the Advising bank by an automated message the day on which the BG was made. The Same clarified by the Bank by a writen letter dated 17.08.26 further it is not worthy to mentioned that when ever the BG is Supposed to be incash the Adivising Bank that is State Bank of India, Buxar branch is Supposed to send SFMS recived by this Bank than only the BG upload be incash. This, Advising Bank is already in possession of SFMS and thus there was no requirement for Bidders to upload the same.<br><br>In light of aforesaid fact BG is perfectly in terms of the Tender Condition and is not liable to be rejected. My Technical Bid may be consider for the financial Bid. | निविदाकार द्वारा upload किया गया BG में, "BG will be operative when accompanied with advise (SFMS) issued from the advising bank. जो बिड में संलग्न नहीं है। अतः परिवाद के उल्लेखित बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 4. | RSCPL - SIPIL (JV) | With reference to the above We thankfully acknowledge the receipt of Email received on 16.08.2026 at 2.00 PM from Email Id cercdsouthbihar@gmail.com.<br><br>We, RSCPL - SIPIL (JV), respectfully submit this Objection Petition before the Technical Bid Evaluation Committee seeking a fair and transparent re-verification of the technical evaluation carried out in respect of the above-mentioned tender.<br><br>We submit this Objection Petition in the interest of fairness, transparency, equal treatment among bidders and compliance with the tender conditions, and without seeking any preferential treatment for ourselves.<br><br>**A. RE-VERIFICATION OF THE REJECTION OF RSCPL-SIPIL (JV)**<br><br>As per the Technical Bid Evaluation Proceedings dated 14.08.2026, RSCPL - SIPIL (JV) was one of the seven participating bidders.<br><br>We respectfully submit that the required authorization and Power of Attorney documents relating to the Joint Venture and its authorized representatives were submitted with the bid. The authorization documents include the authorization of Ramjee Singh, authorized person of Ramjee Singh Construction Private Limited, and Akhilesh Kumar Jaiswal, authorized person of Saj Infracon Project India Limited.<br><br>The Joint Venture was formed in accordance with the applicable requirements. On behalf of the first partner, Ramjee Singh Construction Private Limited, Ramjee Singh was authorized, and on behalf of the second partner, Saj Infracon Project India Limited, Akhilesh Kumar Jaiswal was authorized. Formed Joint Venture RSCPL SIPIL (JV) submitted Deed of POWER OF ATTORNEY made on 02.07.2026 on stamp paper of Rs.1050/- (₹1,000 + ₹50), which was decided on 29.06.2026 (Attached-Page-6-9).<br><br>As stated in the supporting document, the applicable stamp duty requirements were followed and the required stamp duty was paid. The Power of Attorney was attached with the bid. The document refers to NIT Section 29, MBD Section 4 (Attached-Page-10), and ELI-1 (Attached-Page-11-12), ELI-2 | RSCPL -SIPIL (JV) Lead Partner Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. के द्वारा उनकी कम्पनी का Power of Attorney पर ₹ 100/- का Stamp Paper Attached किया गया है एवं दूसरे Partner Saj Infracon Project India Limited के द्वारा उनके Firm का Power of Attorney में ₹ 1000/- का | RSCPL - SIPIL (JV) द्वारा NIT के क्रमांक–29 के आलोक में ₹ 1000/- के Stamp में Power of Attorney निविदा के साथ समर्पित किया गया है। परिवाद का बिन्दु मान्य है। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | (Attached-Page-13-18) and ELI-2.1 (Attached-19-22) (Undertaking by the Joint Venture Partners Dt. 30.06.2026, Submitted on 1000/- Stamp paper-Attached) in relation to the technical bid requirements. It also records payment of ₹50 towards stamp duty in accordance with the applicable technical-bid requirement.<br><br>The tender in question is RCD/OPRMC-III, Package No. 36A/BUXAR for the year/contract period 2026-33. For participation in this tender, Saj Infracon Project India Limited authorized its Managing Director, Akhilesh Kumar Jaiswal, through the company's letterhead. Similarly, Ramjee Singh Construction Private Limited authorized its representative through its directors on ₹100 stamp paper.<br><br>The document states that this authorization was made in accordance with the applicable rules of the Ministry of Corporate Affairs and the Registrar of Companies.<br><br>Therefore, all these different authorization documents should be considered together with the original Joint Venture documents and the applicable tender conditions. We respectfully request that the Committee verify the actual documents uploaded with the bid before treating any authorization or Power of Attorney requirement as non-compliant.<br><br>In view of the above, we respectfully submit that RSCPL SIPIL (JV) fulfils eligibility and authorization requirements contained in the NIT and MBD, therefore request to Declare us Technically Successful.<br><br>**B. RE-VERIFICATION OF THE TECHNICAL EVALUATION OF PRABHWAY GEO INFRA AND HEMANT KUMAR SINGH**<br><br>As per the Technical Bid Evaluation Proceedings dated 14.08.2026, a total of 07 (seven) bidders participated in the tender, namely:<br>1. Suraj Builder India Pvt. Ltd.<br>2. DB Infratech<br>3. Hemant Kumar Singh<br>4. Kawaljeet Singh Contractor<br>5. Narsingh Singh | Stamp Paper Attached नहीं किया गया है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है।<br><br>निविदाकार द्वारा पिछले पाँच साल 2025–26, 2024–25, 2023–24, | तकनीकी बीड मूल्यांकन |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | 6. Prabhway Geo Infra<br>7. RSCPL-SIPIL (JV)<br>The Technical Bid Evaluation Committee recorded that out of the seven participating bidders, five bidders were found technically unsuccessful and only two bidders, namely Hemant Kumar Singh and Prabhway Geo Infra, were declared technically successful.<br>The Committee proceedings further specifically record that Hemant Kumar Singh and Prabhway Geo Infra fulfilled the required eligibility criteria.<br>It is this conclusion that, in our respectful submission, requires further verification in view of the documentary inconsistencies appearing in the detailed system-generated Vendor Attachment Report and the data relating to Prabhway Geo Infra provided in the Technical Bid Evaluation Report issued vide Memo No. 2702 dated 14.08.2026.<br>**(i)** Prabhway Geo Infra is one of the two declared technically successful bidders. Its GST No. is 10AONPV5389L1Z6, which was issued by the GST Department on 22.05.2025. The Principal Place of Business is Khata No. 132, Khesra No. 00, Village Arjunpur, Post Office Rajpur Simri, near Niyazipur Bazar, Buxar 802131, Bihar. The proprietor is, Pragati Mishara (GST Registration Certificate attached-Page-23).<br>**(ii)** The issue we are objecting to is the turnover figure of ₹64.9320 crores shown in the bid. We request clarification regarding the financial year to which the Balance Sheet, Profit and Loss Account, Net Worth, and Financial Resources declared in the bid relate, the Chartered Accountant who certified these documents, and the corresponding UDIN.<br>**(iii)** We request clarification as to which department issued the Executed Quantity Certificate for the various items required under this bid, and which Executive Engineer verified the same.<br>**(iv)** The specific experience shown is ₹67.4944 crores, whereas the turnover is ₹64.932 crores. This raises a question regarding the financial year to which the stated turnover relates. Further, since the GST registration date of the firm is 22.05.2025, clarification is required as to | 2022–23 एवं 2021–22 का Turnover Upload किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 का Balance Sheet & P/L Account Provisional है, जिसपर CA का मुहर एवं UDIN अंकित है। UDIN Verified करने पर Average Turnover ₹201605140.00 दिखता है।<br>वित्तीय वर्ष 2025–26 को छोड़कर अन्य वित्तीय वर्ष में UDIN अंकित नहीं है। अतः परिवादी का आरोप मान्य किया जाता है।<br><br>निविदाकार द्वारा Executive Engineer PWD, Varanasi का पत्रांक–342/15A, दिनांक–20.07.2026 Upload किया गया है, जिसके सत्यापन की पृष्टि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर द्वारा के ई–मेल के माध्यम से दिनांक–08.07.2026 (12:11 PM) से की गयी है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | how the stated turnover and experience could have been achieved.<br>**(v)** We have observed similar nomenclature in the uploaded documents in Vendor Attachment section of the Eproc2 SPOT CS Report 132427 (Attached-24-25) for the two technically successful bidders, Prabhway Geo Infra and Hemant Kumar Singh.<br>Both bidders are also from Buxar. These similarities raise a concern regarding whether the bids were submitted independently, which may kindly be verified from the original e-procurement records.<br>The above points are submitted as matters requiring Documentary verification. We do not seek to prejudge any bidder; rather, we request that the original records be examined and that the same documentary and eligibility standards be applied uniformly to every bidder.<br>In view of the facts stated above we request you to Declare RSCPL - SIPIL (JV) Technically Successful and take the appropriate action against Prabhway Geo Infra. | | |
| | | उपरोक्त संदर्भ में, हम दिनांक 16.08.2026 को दोपहर 2.00 बजे ई मेल आई डी cercdsouthbihar@gmail-com से प्राप्त ईमेल की सधन्यवाद पुष्टि करते हैं। हम, RSCPL - SIPIL (JV), टेक्निकल बिडइवैल्यूएशन कमिटी के सामने यह ऑब्जेक्शन पिटीशन आदर पूर्वक पेश करते हैं, जिसमें ऊपर बताए गए टेंडर के संबंध में किए गए टेक्निकल इवैल्यूएशन के फेयर और ट्रांसपेरेंटरी– वेरिफिकेशन की मांग की गई है।<br>हम निष्पक्षता, पारदर्शिता, निविदा मे भाग लेने वालों के बीच समान व्यवहार और निविदा शर्तों के अनुपालन के हित मे यह आपत्ति याचिका प्रस्तुत कर रहे हैं और अपने लिए भी कोई खास तरजीह व्यवहार नहीं चाहते हैं।<br>A. RSCPL - SIPIL (JV) को असफल घोषित किए जाने का पुनः सत्यापन:-<br>14.08.2026 की Technical Bid Evaluation Committee के अनुसार, RSCPL -SIPIL (JV) सात हिस्सा लेने वाले बिडर्स में से एक | परिवाद के बिन्दुओं का उल्लेख उपर किया गया है। | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | था।<br><br>हम आदर पूर्वक बताते हैं कि जॉइंट वेंचर और उसके अधिकृत प्रतिनिधियों से जुड़े संबंधित आवश्यक प्राधिकरण और पावर ऑफ अटॉर्नी दस्तावेज निविदा के साथ जमा किए गए थे। प्राधिकरण दस्तावेजों में रामजी सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत व्यक्ति रामजी सिंह और साज इंफ्राकॉन प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड के अधिकृत व्यक्ति अखिलेश कुमार जायसवाल का प्राधिकरण शामिल है। जॉइंट वेंचर का गठन लागू आवश्यकताओं के अनुसार किया गया था। पहले पार्टनर, रामजी सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से रामजी सिंह को अधिकृत किया गया था और दूसरे पार्टनर, साज इंफ्राकॉन प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड की तरफ से, अखिलेश कुमार जायसवाल को अधिकृत किया गया था। गठित जॉइंट वेंचरत्ब्ब्- – SIPIL (JV) ने 02-07-2026 को Rs-1050/& (₹1]000+ ₹50) के स्टाम्प पेपर पर पावर ऑफ अटॉर्नी की डीड जमा की जिसका निर्णय 29.06.2026 को किया गया था।<br><br>जैसा कि सहायक दस्तावेज में बताया गया है, लागू स्टैम्प शुल्क की जरूरतों को पूरा किया गया और जरूरी स्टैम्प शुल्क का भुगतान किया गया था। बिड के साथ पावर ऑफ अटॉर्नी अटैच किया गया था। दस्तावेज में टेक्निकल बिड की जरूरतों के बारे में NITसेक्शन29] MBD सेक्शन4 (संलग्नपेज–10), और ELI&1 और ELI&2-1 (जॉइंट वेंचर पार्टनर्स द्वारा 30.06.2026 को दिया गया अंडरटेकिंग, 1000/& स्टाम्प पेपर पर सबमिट किया गया संलग्न) का जिक्र है। इसमें लागू टेक्निकल–बिड की जरूरत के हिसाब से स्टैम्प ड्यूटी के लिए 50 कापेमेंट भी रिकॉर्ड है।<br><br>प्रश्ननाधीन निविदा RCD/OPRMC&III] पैकेज नंबर36A/BUXAR है, जो साल /कॉन्ट्रैक्ट पीरियड 2026–33 के लिए है। इस निविदा में हिस्सा लेने के लिए, साज इंफ्राकॉन प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड ने अपने मैनेजिंग डायरेक्टर, अखिलेश कुमार जायसवाल को कंपनी के लेटरहेड से अधिकृत | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | किया। इसी तरह, रामजी सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने अपने निदेशकों के माध्यम से 100 के स्टैम्प पेपर पर अपने प्रतिनिधि को अधिकृत किया। दस्तावेज में कहा गया है कि यह प्राधिकरण मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के लागू नियमों के अनुसार किया गया था।<br><br>इसलिए इन सभी विभिन्न प्राधिकरण दस्तावेजों को मूल संयुक्त उद्यम दस्तावेजों (ओरिजिनल जॉइंट वेंचर डॉक्यूमेंट्स) और लागू निविदा शर्तों के साथ विचार किया जाना चाहिए। हम सम्मानपूर्वक अनुरोध करते हैं कि समिति किसी भी प्राधिकरण पावर ऑफ अटॉर्नी की जरूरत को गैर–अनुपालन मानने से पहले बिड के साथ अपलोड किए गए वास्तविक दस्तावेजों को सत्यापित करे।<br><br>उपर्युक्त के मद्देनजर, सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करते हैं कि RSCPL & SIPIL (JV) NIT और MBD में निहित पात्रता और प्राधिकरण आवश्यकताओं को पूरा करता है, इसलिए हमें तकनीकी रूप से सफल घोषित किया जाए।<br><br>B-प्रभवे जियो इंफ्रा और हेमंत कुमार सिंह के तकनीकी मूल्यांकन का पुनः सत्यापन रू–<br><br>दिनांक 14.08.2026 की तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की कार्यवाही के अनुसार, कुल 07(सात) निविदादाताओं ने निविदा में भाग लिया, अर्थात<br><br>1. सूरज बिल्डर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड<br><br>2. डीबीइं फ्राटेक<br><br>3. हेमंत कुमार सिंह<br><br>4. कवलजीत सिंह कॉन्ट्रैक्टर<br><br>5.नरसिंहसिंह<br><br>6. प्रभ वेजियो इंफ्रा<br><br>7. RSCPL & SIPIL (JV)<br><br>तकनीकी बिड मूल्यांकन समिति ने रिकॉर्ड किया कि हिस्सा लेने वाले सात बिडर्स में से पांच बिडर्स तकनीकी रूप से असफल पाए गए हैं और सिर्फ दो बिडर्स, यानी हेमंत कुमार | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | सिंह और प्रभवे जियो इंफ्रा को तकनीकी रूप से सफल घोषित किया गया।<br><br>समिति की कार्यवाही आगे विशेष रूप से यह भी दर्ज करती है कि हेमंत कुमार सिंह और प्रभवे जियो इंफ्रा ने जरूरी आवश्यक मानदंडों को पूरा किया।<br><br>हमारी सम्मानजनक राय में, विस्तृत सिस्टम–जेनेरटेड वेंडर अटैचमेंट रिपोर्ट और मेमो नंबर 2702 दिनांक 14.08.2026 द्वारा जारी तकनीकी बिड मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदान किए गए प्रभवे जियो इंफ्रा से जुड़े डेटा में दिखायी देने वाली दस्तावेजी विसंगतियों को देखते हुए आगे के सत्यापन की आवश्यकता है।<br><br>(1) प्रभवे जियो इंफ्रा उन दो घोषित तकनीकी सफल बिडर्स में से एक है। इसका GST नंबर 10AONPV5389L1Z6 है, जिसे GST विभाग ने 22.05.2025 को जारी किया था। बिजनेस का मुख्य स्थान खाता नंबर 132, खेसरा नंबर 00, गांव अर्जुनपुर, पोस्ट ऑफिस–राजपुर सिमरी, नियाजीपुर बाजार के पास, बक्सर 802131, बिहार है। मालिक प्रगति मिश्रा हैं (GST पंजीकरण प्रमाणपत्र संलग्न है–पेज–23)।<br><br>(पप) जिस मुद्दे पर हम आपत्ति कर रहे हैं, वह बिड में दिखाए गए 64.9320 करोड़ के टर्न ओवर का आंकड़ा है। हम उस वित्तीय वर्ष के संबंध में स्पस्टिकरण का अनुरोध करते हैं जिससे बिड में घोषित बैलेंस शीट, प्रॉफिट एंड लॉस खाता, नेट वर्थ और वित्तीय संसाधन संबंधित हैं, चार्टर्ड अकाउन्टन्ट जिन्होंने इन दस्तावेजों को प्रमाणित किया है और संबंधित UDINI (iii) हम यह स्पष्टीकरण का भी अनुरोध करते हैं कि किस विभाग ने निष्पादित मात्रा प्रमाण पत्र (EÛecuted Quantity Certificate) जारी किया और किस कार्यकारी अभियंता ; (EÛecutive Engineer) ने इसे सत्यापित किया।<br><br>(पअ)दिखाया गया विशिष्ट अनुभव 67.4944 करोड़ है, जबकि टर्नओवर 64.932 करोड़है। यह उस वित्तीय वर्ष के बारे मे सवाल उठाता है जिससे घोषित टर्नओवर संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि फर्म की GST पंजीकरण | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | तारीख 22.05.2025 है, इसलिए स्पस्टिकरण की आवश्यकता है कि घोषित टर्नओवर और अनुभव कैसे प्राप्त किया जा सकता था।<br><br>(v) हमने तकनीकी रूप से सफल दो निविदाकारों प्रभवे जियो इंफ्रा और हेमंत कुमार सिंह के Eproc2 SPOT CS रिपोर्ट _132427 का वेंडर अटैचमेंट सेक्शन मे अपलोड किए गए दस्तावेजों मे समान नामावली (Nomenclature) देखी है। दोनों बिडर भी बक्सर से हैं। ये समानताएं इस बारे मे चिंता पैदा करती हैं कि क्या बिड स्वतंत्र रूप से जमा की गई थीं, जिसे कृपया मूल ई खरीद रिकार्ड सत्यापित किया जा सकता है। उपरोक्त बिंदु दस्तावेजी सत्यापन की आवश्यकता वाले मामलों के रूप मे प्रस्तुत किए जाते हैं। हम किसी भी बिडर के बारे में पहले से कोई राय नहीं बनाना चाहते, बल्कि हमारा अनुरोध है कि मूल अभिलेखों की जांच की जाए और समान दस्तावेजी और पात्रता मानक हर बिडर पर समान रूप से लागू किए जाएं।<br><br>उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि RSCPL &SIPIL (IV) को तकनीकी मूल्यांकन में सफल घोषित किया जाए और प्रभवे जियो इंफ्रा के खिलाफ उचित कार्रवाई किया जाए। | | |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन में निविदाकार Hemant Kumar Singh को MBD Section 3 Clause 2.3.1, Section 4E.6, Form FIN-1, Section 3 Clause 1.2.3, Section 4E.10, FIN-4, Prabhway Geo Infra को 2.3.1 (a) एवं 2.3.2 (b) के तहतएवं निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor को NIT की कंडिका–28 के आलोक में असफल घोषित किया जाता है। निविदा में सभी निविदाकारों के असफल घोषित होने के कारण समिति पुनर्निविदा की अनुशंसा करती है।

**8.** मुख्य अभियंता, दक्षिण द्वारा OPRMC Package No 38B में प्रतिवेदित है कि "समिति को संज्ञान में आया कि निविदाकार Hemant Kumar Singh द्वारा MBD Section 4 कंडिका–6 Form FIN-1 Historical Performance के वित्तीय वर्ष 2021–22 में Current Assets ₹4784.04 लाख दिखाया गया है जबकि वित्तीय वर्ष As on 31 मार्च, 2022 के Consolidated blance sheet में ₹1934.83 लाख अंकित है

तथा निविदाकार Hemant Kumar Singh द्वारा MBD, Section-4 कंडिका–6 from FIN-1 historical performance में वित्तीय वर्ष 2021–22 में current assets 4784.04 lakh दिखाया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष as on 31 March 2022 के consolidated balance sheet में Rs.1934.83 lakh अंकित है तथा पथ प्रमंडल बक्सर, पथ निर्माण विभाग अंतर्गत बड़ी मस्जिद से सेंट्रल जेल कार्य Hemant Kumar Singh द्वारा किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता प्रमंडल सं0–01, पथ निर्माण विभाग द्वारा विषयांकित योजना का जाँच दिनांक–22.01.2026 एवं 24.01.2026 को किया गया है एवं जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। जाँच प्रतिवेदन के कंडिका–11 ''पथ में प्रावधानिक नाला के Cover slab को core cutter मशीन द्वारा लिए गए 03 Nos. cylindrical core के compressive strength की जाँच की गई जिसका औसत मान 7.60N/mm$^2$ पाया गया, जबकि MORTH की कंडिका–903.5.2.2 Clause के तहत core strength की स्वीकार्य सीमा 9.52N/mm$^2$ का है।'' समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन में निविदाकार Hemant Kumar Singh को Section 4E.6, Form FIN-1, Section 3 Clause 1.2.3, Section 4E.10 एवं MBD Section 3 के Clause 1.2.3 के तहत तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

9. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) DB Infratech का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 (2) Narsingh Singh का Ref. No.- 42 दिनांक–17.08.2026 द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया गया।

(ii) (1) Kawaljeet Singh Contractor एवं (2) RSCPL - SIPIL (JV) द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करने का निर्णय लिया गया।

(iii) 07 (सात) निविदाकारों में 05 (पाँच) निविदाकार (i) Suraj Builder India Pvt. Ltd. को MBD Section 3 Clause 2.4.2 (b) के तहत् (ii) DB Infratech को MBD ITB Clause 17, Section 4 (B) एवं Section 3 Clause 2.6 के तहत् (iii) Narsingh Singh को ITB Clause 17 Section 4 (B) के तहत् (iv) Prabhway Geo Infra को MBD के Section 3, Clause 2.3.2 के तहत एवं (v) Hemant Kumar Singh MBD के Section 3, Clause 1.2.1(b), 1.2.3 के तहत तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

(iv) 02 (दो) निविदाकार (1) Kawaljeet Singh Contractor एवं (2) RSCPL - SIPIL (JV) को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(v) उपभागीय ज्ञापांक–2702 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–14.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा रखा जाय।

(vi) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

9.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (संजय कुमार भारती) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अभिषेक पलासिया) | (उमा कान्त रजक) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–155/2026 6073(E) पटना, दिनांक 1/09/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।